पत्र संख्या -फार्म अनु0-(555)IV वाल्यूम-(2014-15) // — 656 /वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर,वाणिज्य कर,उत्तर प्रदेश

(फार्म अनुभाग)

लखनऊ :: दिनांक :: 19 मई::2014

निविदा सूचना

भारतीय रिजर्व बैंक / भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अधिकृत संस्था से सिक्योरिटी मुद्रण हेतु अनुमोदित निजी सिक्योरिटी प्रेसों से वाणिज्य कर विभाग के लिए निम्नलिखित फार्म्स / स्टैम्प्स के सिक्योरिटी मुद्रण हेतु सील्ड टेण्डर आमंत्रित किए जाते हैं । मुद्रण हेतु दी गयी वास्तविक संख्या आवश्यकतानुसार घट / बढ़ सकती है अथवा पूर्णत: समाप्त की जा सकती है, जिसके लिए कमिश्नर, वाणिज्य कर पूर्णतया अधिकृत होंगे, इसके लिये अलग से कोई मुआवजा देय नही होगा । सिक्योरिटी प्रिन्टिंग के संबंध में टेण्डर की शर्तो के अनुसार प्रत्येक फार्म व स्टैम्प के लिये दरें निर्धारित प्रारुप बी, सी, डी पर ही दी जाए ।

मुद्रित होने वाले सिक्योरिटी फार्म्स / स्टैम्प्स का विवरण :-

फार्म का नाम	वर्ष 2014-15 के लिये समिति द्वारा स्वीकृत संख्या
फार्म-21 (ट्रान्सपोर्टमेमो)	10,00,000
फार्म-38 (आयात घोषणा पत्र)	50,00,000
फार्म-39(पंजीकृत से भिन्न आयात घोषणा पत्र)	1,00000
फार्म-सी	10,00,000
फार्म-एफ	3,00,000
फार्म-एच	1,00000
क्रमांकित ओ0सी0 स्टैम्प ई0ई0 सीरीज	6,00000

उक्त कार्य हेतु निविदा प्रपत्र ,फार्म्स / स्टैम्प्स के नमूने तथा निविदा की शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश के कार्यालय विभूति खण्ड गोमतीनगर ,लखनऊ स्थित ज्वाइन्ट कमिश्नर (फार्म) वाणिज्य कर, मुख्यालय के कार्यालय कक्ष से कार्यालय अवधि प्रात: 9:30 बजे से सायं 6:00 बजे तक रु0 200/- नगद भुगतान कर प्राप्त की जा सकती है । टेण्डर दिनांक **04-06-2014** मध्यान्ह 12:00 बजे तक कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश के कार्यालय विभूति खण्ड गोमतीनगर, लखनऊ स्थित ज्वाइन्ट कमिश्नर (फार्म) वाणिज्य कर, मुख्यालय के कार्यालय कक्ष संख्या-**331** में प्राप्त हो जाना चाहिए । टेक्निकल बिड तथा फाइनेन्शियल बिड के टेण्डर दो अलग -अलग सील्ड कवर में दिए जाने हैं, सील्ड कवर पर " टेक्निकल बिड " अथवा " फाइनेन्शियल बिड " अलग -अलग लिखा जाए । फाईनेन्शियल बिड एवं टेक्निकल बिड के टेण्डर के सील्ड लिफाफे मुद्रक द्वारा एक अन्य सील्ड लिफाफे में रखकर दिया जायेगा तथा टेक्निकल एवं फाईनेन्शियल दोनों बिड्स डुप्लीकेट में भी मुद्रक द्वारा एक अन्य सील्ड लिफाफे में रखकर अलग -अलग लिफाफों में सील्ड कवर में प्रस्तुत की जायेंगी ।

सर्वप्रथम निविदादाताओ के टेक्निकल बिड खोले जायेंगे तथा टेक्निकल बिड खोले जाने पर आवश्यक समझे जाने पर सत्यापन हेतु निविदादाता के **ESTABLISHMENTS** का निरीक्षण भी कराया जा सकता है तथा केवल उन्ही निविदादाताओ के फाइनेन्शियल बिड खोले जाएगे जो टेक्निकल बिड की शर्तो को पूर्ण करते हो। सशर्त टेण्डर स्वीकार नहीं किए जायेंगे। प्राप्त टेण्डर उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष दिनांक **04-06-2014** को ही अपरान्ह 12.30 बजे वाणिज्य कर मुख्यालय विभूति खण्ड गोमती नगर लखनऊ में कमिश्नर ,वाणिज्य कर के प्रथम तल स्थित सभागार कक्ष में खोले जायेगें। सर्वप्रथम टेक्निकल बिड के टेण्डर अपरान्ह 12.30 बजे खोले जायेगें। टेक्निकल बिड के टेण्डर के आधार पर क्वालीफाई करने वाले निविदादाताओं के फाइनेशियल बिड के टेण्डर उसी दिन दिनांक **04-06-2014** को ही अपरान्ह 4.00 बजे खोले जायेगें। इस निविदा सूचना का प्रकाशन Website -comtax.up.nic.in पर भी किया गया है।

अनुमोदित

17.5.2014

कमिश्नर, वाणिज्य कर,

उत्तर प्रदेश, लखनऊ।